आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 14.07.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नकली उर्वरकों की बिक्री और सब्सिडी वाले उर्वरकों की कालाबाजारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।
- प्रदेश सरकार ने उत्तरकाशी और देहरादून के सेब उत्पादक किसानों को उत्तराखण्ड के सेब की विशिष्ट पहचान दिलाने के लिये कार्टन का वितरण शुरू किया।
- उपभोक्ताओं को अधिक पारदर्शी और सुविधाजनक बिलिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कुमाऊं मंडल में अब तक एक लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए गए।
- पवित्र श्रावण माह के पहले सोमवार के अवसर पर शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा–अर्चना की।

नकली उर्वरक

केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नकली और खराब गुणवत्ता वाले उर्वरकों के मुद्दे पर तत्काल और सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस बारे में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को एक पत्र लिखा है। यह पत्र देश भर में नकली उर्वरकों की बिक्री, सब्सिडी वाले उर्वरकों की कालाबाजारी और जबरन टैगिंग जैसी अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से भेजा गया है। पेश है एक रिपोर्ट–

रेलवे

रेलवे ने रेलगाड़ियों की सभी बोगियों में यात्रियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्णय लिया है। कोच में कैमरा लगाने से यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था में सुधार होगा। इनसे उपद्रवियों को पहचानने में मदद मिलेगी। यात्रियों की निजता को ध्यान में रखते हुए ये कैमरे बोगियों के दरवाजों के पास लगाए जाएंगे। श्री वैष्णव ने सभी 74 हजार बोगियों और 15 हजार रेल इंजनों में सीसीटीवी कैमरा लगाने को मंजूरी दी है।

यूनिवर्सल कार्टन

उत्तरकाशी और देहरादून के सेब उत्पादक किसानों को उत्तराखंड के सेब की विशिष्ट पहचान दिलाने तथा सेब की बेहतर पैकेजिंग के लिए कार्टन का वितरण शुरू कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में जैविक खेती और बागवानी की अपार संभावनाएं हैं, राज्य में बागवानी के समुचित विकास के लिए नीति बनाई गई है, सरकार लगातार बागवानी को बढ़ावा दे रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार राज्य में सेब उत्पादन और सेब उत्पादक किसानों को सेब का उचित मूल्य सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार काम कर रही है।

आईआईएम

काशीपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान– आई.आई.एम में राज्य के सरकारी महाविद्यालयों के प्राचार्यों को प्रबंधन और नेतृत्व के गुर सिखाए जाएँगे। आईआईएम और उच्च शिक्षा विभाग के बीच पूर्व में हुए एमओयू के तहत, राज्य भर के प्राचार्यों को बैचवार प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी कड़ी में, 21 से 25 जुलाई तक आयोजित होने वाले 'नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप कार्यक्रम' में राज्य भर के 40 प्राचार्य भाग लेंगे। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य राजकीय महाविद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता, प्रशासनिक दक्षता और सकारात्मक शैक्षिक वातावरण को सुदृढ़ बनाना है।

स्मार्ट मीटर

प्रदेश के दोनों मंडलों में स्मार्ट बिजली मीटर लगाने की प्रक्रिया चल रही है। इसी क्रम में उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने कुमाऊं क्षेत्र के रुद्रपुर और हल्द्वानी जोन में 6 लाख स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य रखा है। मुख्य अभियंता नरेंद्र सिंह टोलिया ने बताया कि डिजिटल मीटर लगाने का उद्देश्य उपभोक्ताओं को अधिक पारदर्शी और सुविधाजनक बिलिंग सेवा प्रदान करना है। प्रीपेड मीटर लगने से उपभोक्ता बिजली की खपत के अनुसार पहले ही रिचार्ज करा सकेंगे और बिलिंग संबंधी असुविधाओं से राहत मिलेगी। आकाशवाणी से बातचीत में उन्होंने बताया कि अब तक एक लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं।

<u>कांवड़ यात्रा</u>

आज श्रावण मास का पहला सोमवार है। इस अवसर पर सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए विभिन्न शिव मंदिरों में पहुँच रहे हैं। वहीं, गंगोत्री, गोमुख, ऋषिकेश, नीलकंठ महादेव और हरिद्वार में लाखों शिवभक्तों के आने का सिलसिला जारी है। हरिद्वार मेला क्षेत्र में किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचने के लिए सरकार और प्रशासन द्वारा हर तरह की एहतियात बरती जा रही है। मेले में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए इस बार एसडीआरएफ ने हाईटेक योजना के तहत 'ड्रोन निगरानी' को अपनाया है। एसडीआरएफ के कांवड़ मेला प्रभारी कविंद्र सजवाण ने बताया कि कल कांगड़ा घाट और प्रेम नगर घाट पर गंगा नदी में डूब रहे 13 कांवड़ियों को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया।

'हर घर नल, हर घर जल'

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'हर घर नल, हर घर जल' अब देश के दूरस्थ इलाकों तक पहुँच रही है। देहरादून जिले की कालसी तहसील स्थित टिपोउ गाँव में इस योजना का लाभ मिलना शुरू हो गया है। गाँव के हर घर में स्वच्छ और शुद्ध पानी की आपूर्ति शुरू हो गई है, जिससे ग्रामीण खुश हैं। स्थानीय निवासी गीता राम शर्मा का कहना है कि जिस गाँव में कभी पानी मिलना सपना था, आज वहाँ हर घर नल के ज़रिए स्वच्छ पानी पहुँच रहा है। इसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून सक्रिय बना हुआ है। राज्य में रुकरुक कर हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी है। आज देहरादून समेत राज्य के विभिन्न जिलों में बादल छाए हुए हैं।

इस बीच, मौसम विभाग ने 19 जुलाई तक राज्य में बारिश की चेतावनी जारी की है। अल्मोड़ा, चमोली और ऊधमसिंहनगर जिलों के कुछ स्थानों पर आज हल्की से मध्यम बारिश के आसार बने हुए हैं।